हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 12 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 तीन साल बाद भी अधूरा पुलः चंद्रकेशर नदी पर निर्माण...

07 बजाज फाइनेंस में 1.71 करोड़ की धोखाधड़ी...


## खबर संक्षेप

### एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या 14 को

**नलखेड़ा।** एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन 14 मार्च को होगा। जिसमें रोहित राजस्थानी एवं दीपक राजस्थानी भजनों की प्रस्तुति देंगे। स्थानीय मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर सांवरिया सेठ मित्र मंडल द्वारा शनिवार सायं 7 बजे से एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांवरिया सेठ का भव्य दरबार भी सजेगा जिसे श्री सांवरिया सेठ दरबार देवली राजस्थान द्वारा सजाया जाएगा। भजन संध्या में सांवरिया सेठ के भजनों के प्रसिद्ध गायक रोहित राजस्थानी एवं दीपक राजस्थानी अपनी सुमधुर आवाज में सांवरिया सेठ के भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 14 मार्च को

**सीहोर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक 14 मार्च को सुबह 11 बजे जिला पंचायत कार्यालय सीहोर के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विदिशा लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी।

### स्कूलों में होंगे जल गंगा संवर्धन अभियान जागरुकता कार्यक्रम

**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जल संवर्धन को जनआंदोलन का रूप देना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला शिक्षा अधिकारी को लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिये कहा है। जारी निर्देशों के अनुसार विद्यालयों में निबंध लेखन, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता, परिचर्चा एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जल संरक्षण विषय पर शपथ दिलाई जाएगी और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी. होना अनिवार्य किया गया है।

### जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारियों ने खोला मोर्चाः वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारी चेतावनी देकर बोले करेंगे काम बंद हड़ताल

ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की स्कूल फीस से लेकर राशन तक के लाले पड़ रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। पिछले लंबे समय से वेतन और पीएफ की समस्याओं से जूझ रहे लगभग सभी विभागों के आउटसोर्स कर्मचारियों ने लामबंद होकर मंगलवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो वे काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे।



**तीन महीने से वेतन का इंतजार, पीएफ भी गायब**

ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की स्कूल फीस से लेकर राशन तक के लाले पड़ रहे हैं। इसके अलावा, पिछले 6 महीनों से उनका पीएफ (प्रोविडेंट फंड) भी उनके खातों में जमा नहीं किया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अस्पताल में आउटसोर्सिंग का ठेका सिग्मा इन्फोटेक्स कंपनी के पास है। कर्मचारियों ने कंपनी और उसके ठेकेदार पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि-जब भी वेतन के संबंध में ठेकेदार से बात करने की कोशिश की जाती है, तो वह अभद्र व्यवहार करता है। ठेकेदार फोन तक नहीं उठाता, जिससे कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। कंपनी प्रबंधन जमीनी हकीकत से आंखें मूंदे बैठा है। हम दिन-रात अस्पताल की व्यवस्थाएं संभालते हैं, लेकिन जब हक की बात आती है तो हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाता है। बिना वेतन के हम कब तक काम करेंगे।

**चरमरा सकती है स्वास्थ्य व्यवस्था :** कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने दो टूक कहा है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका बकाया वेतन और पीएफ का भुगतान नहीं किया गया, तो वे पूर्णतः काम बंद कर स्ट्राइक पर चले जाएंगे। जिला अस्पताल में सफाई, सुरक्षा और कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में आउटसोर्स कर्मचारी तैनात हैं। यदि ये हड़ताल पर जाते हैं, तो जिले की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो सकती हैं, जिसका सीधा असर मरीजों पर पड़ेगा।

**प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग**

कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सिग्मा इन्फोटेक्स कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में वेतन समय पर मिले। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है या फिर मरीजों को हड़ताल की मार झेलनी पड़ेगी।

## इछावर में दिनदहाड़े लूट, बाइक सवार बदमाशों ने युवक को पीटा, सोने की चेन झपटकर हुए फरार



**सीहोर।** इछावर थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की एक वारदात को अंजाम दिया है। ढाबला-सेमली मार्ग पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को रोककर उसके साथ मारपीट की और गले से सोने की चेन लूटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आयुष नाम का युवक, जो एक कृषि दवाई कंपनी में कार्यरत है। सोमवार को सीहोर से इछावर होते हुए सेमली गांव की ओर जा रहा था, जैसे ही वह ढाबला-सेमली सडक़ पर पहुंचा, पीछे से आए दो बाइक सवारों ने उसका रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि युवक कुछ समझ पाता, बदमाशों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

**चेन छीनी और जंगल के रास्ते भागे**

पीड़ित के अनुसार मारपीट के दौरान बदमाशों ने युवक के गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद आरोपी तेजी से बाइक दौड़ाते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित आयुष ने इछावर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस ने गठित की टीम :** मामले की गंभीरता को देखते हुए इछावर थाना पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के अनुसार युवक की शिकायत पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें रवाना की गई हैं और संदिग्ध रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## ट्राले की चपेट में आए बाइक सवार दंपती हादसे में महिला की मौत, पति-पुत्र घायल

**बुधनी/शाहगंज।** शाहगंज थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और बेटा घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हथनोरा निवासी जगदीश कीर अपनी पत्नी रुखमणी कीर (35) और करीब 8 वर्षीय बेटे के साथ ग्राम भारकच्छ में आयोजित एक रसोई कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम से लौटते समय सोमवार शाम करीब 6 बजे उनकी बाइक ग्राम जोनतला जोड़ के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राले ने टक्कर मारी । टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े और इसी दौरान रुखमणी कीर ट्राले की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में पति और बेटा घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर मौजूद जोनतला निवासी अनिकेत चौहान ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायलों को निजी वाहन से सिविल अस्पताल बुधनी पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रुखमणी कीर को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पति और बेटे का उपचार किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मंगलवार को पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने घटनास्थल से ट्राला जब्त कर लिया है। ट्राला क्रमांक रजे 19 GG 4915 को बकतरा चौकी में खड़ा कराया गया है पुलिस ने मर्ग कायम कर अपराध क्रमांक 60 के तहत धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि संबंधित ट्राला राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में लगी कंपनी का है। बुधनी से बाड़ी तक फोरलेन नेशनल हाईवे निर्माण कार्य जारी है और निर्माण कार्य के दौरान क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

## हजरत बाबा बदख्शानी का 112 वां उर्स प्रारंभ

**सीहोर ।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिला मुख्यालय स्थित दरगाह हजरत सैय्यद कुरबान अली शाह बदख्शानी का 112वां उर्स मंगलवार से प्रारंभ हो गया है, जो आगामी 15 मार्च तक चलेगा। इस उर्स में जियारत करने के लिए मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में जायरीन आते हैं। यह उर्स प्रदेश और देश में राजगढ़ की पहचान बन गया है।

हर साल उर्स कमेटी और जिला प्रशासन यहां की माकूल व्यवस्था करता है। इसके अलावा शहर के अन्य धर्मों के नागरिक भी उर्स में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। पहली बार किसी कलेक्टर ने दरगाह परिसर में ली थी बैठक उर्स की व्यवस्थाओं को लेकर दरगाह परिसर में साल 2015 में उस समय के कलेक्टर आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई थी। यह पहला मौका था जब किसी कलेक्टर ने दरगाह शरीफ में आकर उर्स को लेकर इस तरह से बैठक की हो। बैठक में तत्कालीन एसपी शशिकांत शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, एसडीएम अंजलि शाह, जिला वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदर अब्दुल हकीम नियाजी, विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित उर्स



इंतजामिया कमेटी के सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर कलेक्टर शर्मा के सुझाव पर बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि उर्स में आने वाले लोग अपने साथ थैला, झोला बैग जो भी आवश्यक समझें साथ लाएं ताकि पॉलिथिन के उपयोग पर लगाम लग सके। इसके साथ ही दुकानदारों के परिचय पत्र भी बनाए जाने निर्देश प्रबंधन समिति को दिए गए थे।

## युवक को सड़क पर मिला 70 हजार का आईफोन, मालिक को लौटाया



**कानड़।** नगर में एक युवक ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए सड़क पर मिला महंगा मोबाइल उसके असली मालिक तक पहुंचा दिया। जानकारी के अनुसार चोमा नदी पुलिया के पास कांग्रेस नेता गौरीशंकर सूर्यवंशी के बेटे दीपक सूर्यवंशी को एक आईफोन मिला था, जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई जा रही है। मोबाइल मिलने के बाद दीपक सूर्यवंशी ने बिना किसी लालच के उसे सुरक्षित रखते हुए कानड़ थाना प्रभारी आर.के. दांगी को सुपुर्द कर दिया, ताकि मोबाइल उसके असली मालिक तक पहुंचाया जा सके। पुलिस की मदद से पता चला कि मोबाइल सुसनेर निवासी व्यक्ति का है। इसके बाद मोबाइल उसके मालिक को वापस कर दिया गया। अपना महंगा मोबाइल वापस मिलने पर मालिक ने दीपक सूर्यवंशी की ईमानदारी की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। नगरवासियों ने भी दीपक सूर्यवंशी के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज में ईमानदारी और विश्वास को मजबूत करते हैं।

### शार्ट सर्किट से खेत में लगी आग, गेहूं की फसल जलकर खाक



**नलखेड़ा।** बुधवार दोपहर को ग्राम पढ़ाना निवासी विशाल पिता घनश्याम पाटीदार, घनश्याम पाटीदार एवं बजरंग पाटीदार के खेत में खड़ी गेहूं की फसल विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण जलकर राख हो गई। किसान विशाल पाटीदार ने बताया कि तीनों किसानों के लगभग 6 बीघा खेतों में खड़ी गेहूं की फसल दोपहर के समय शॉर्ट सर्किट के कारण जलकर राख हो गई। आग पर फायर ब्रिगेड और ग्रामवासियों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। जिससे आसपास खड़ी फसलें जलने से बच गईं।

### जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनों से विकास संबंधी सुझाव आमंत्रित किए

# प्रस्तावित मां बगलामुखी लोक का दिया प्रजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मंगलवार को मां बगलामुखी मंदिर परिसर में आर्किटेक्ट वैदिक पंजवानी द्वारा प्रस्तावित मां बगलामुखी लोक के संबंध में प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनों से विकास संबंधी सुझाव आमंत्रित किए गए। प्रस्तुत प्रजेंटेशन में यज्ञशाला, पार्किंग, सौंदर्यीकरण सहित दर्शनार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विकास कार्य प्रस्तावित किए गए। उपस्थित प्रबुद्धजनों द्वारा मौके पर ही वास्तु एवं हिन्दू धर्म की मान्यताओं एवं परंपराओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य करवाए जाने का सुझाव दिया गया। प्राप्त सुझावों के बाद चैत्र नवरात्रि पर्व के बाद पुनः प्रस्तावित विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की जाएगी।





इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं मां बगलामुखी प्रबंध समिति अध्यक्ष कमल मंडलोई, एसडीओपी देवनारायण यादव, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी नागेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, पुजारी मनोहरलाल पंडा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पूर्व विधायक संतोष जोशी, भाजपा नेता मुकेश लोढ़ा, गोर्वधन वेदिया सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक से पूर्व कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा ई-दक्ष केंद्र, आगर में प्रस्तावित मां बगलामुखी लोक निर्माण कार्यों का प्रेजेंटेशन भी देखा गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा उपस्थित रहे।

## पवन बने विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज के प्रदेश अध्यक्ष



**नलखेड़ा।** विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज कल्याण समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक उज्जैन में संपन्न हुई। जिसमें समाजसेवी युवा नेता पवन विश्वकर्मा को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। समाज के श्याम विश्वकर्मा ने बताया की विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज कल्याण समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक उज्जैन में आयोजित की गई। जिसमें पिछले कार्यकाल में जो भी कार्य किए गए हैं उसका लेखा-जोखा एवं आय व्यय की जानकारी पदाधिकारियों के समक्ष रखी गई। इसके साथ ही नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा भी की गई। जिसमें सभी जिले के पदाधिकारियों ने एक स्वर में हाथ उठाकर समाजसेवी पवन विश्वकर्मा के नाम पर अपनी सहमति जताई।

**समृद्ध समाज बनाने का लिया संकल्प :** प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद पवन विश्वकर्मा द्वारा पद गृहण कर बताया की समाज द्वारा उन्हें जो जवाबदारी सौंपी गई है ओर जो भरोसा उन पर जताया गया हैं, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करेंगे। युवाओं को रोजगार दिलाना ओर समाज को राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। सभी को साथ लेकर एक समृद्ध समाज बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव गोविंद विश्वकर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष देवकरण घंटीवाले, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, इंदौर जिला अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, आगर जिला अध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, शाजापुर जिला अध्यक्ष बालकृष्ण विश्वकर्मा, मंदसौर जिला अध्यक्ष दशरथ विश्वकर्मा, नीमच जिला अध्यक्ष दशरथ विश्वकर्मा, राजगढ़ जिला अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 20 मार्च को नगर में श्री श्याम कीर्तन



**भौरासा।** नगर के बस स्टैंड पर चैत्र कृष्ण पक्ष हिंदू नव वर्ष की शुरुआत के साथ ही श्री खाटू श्याम की भव्य भजन संध्या श्याम प्रेमियों द्वारा भौंरासा नगर के बस स्टैंड पर आयोजित की जाएगी, जिसमें भव्य दरबार, 56 भोग, पुष्प वर्षा, आलौकिक श्रृंगार व इत्र केसर की वर्षा होगी। कार्यक्रम मे प्रसिद्ध भजन गायक कान्हा व्यास (ग्वालियर), ऋषिका ठाकुर (ग्वालियर,) एवं अमित पारीक (मक्सी) द्वारा श्री श्याम भगवान के भजनों की प्रस्तुति होगी, जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की गई है। 20 मार्च को शाम 7:30 बजे से यह आयोजन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के आयोजक समस्त श्याम परिवार भौरासा द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की गई है।

### पशुपालन विभाग ने आयोजित किया शिविर



**चापडा।** समीप ग्राम पोलाय में पशुपालन विभाग विकासखंड बागली द्वारा संचालित क्षीरधारा एवं आचार्य विद्यासागर योजना अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के पशुपालकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी प्रदान की गई तथा पशुओं के उपचार हेतु दवाईयों का वितरण भी किया गया। शिविर में उपस्थित पशु चिकित्सक पूनम शाक्य ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित क्षीर धारा एवं आचार्य विद्यासागर योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को जागरूक करना तथा उनके पशुओं के स्वास्थ्य के बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना है। शाक्य ने बताया कि जिले में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वन के लिए ग्राम पोलाय एवं ग्राम करौंदिया को चिन्हित किया गया है। शिविर के दौरान साजन सिंह जायसवाल, अरशद अली, सूरजमल सेठ, चंपालाल, राहुल, शिव नारायण, गोविंद जाट, शंकर लाल यादव आदि उपस्थित रहे।

### एमपीआरआरडीए द्वारा पीएम जीएसएसवाय अंतर्गत दिए गए कार्य में जवाबदारों की लापरवाही

# तीन साल बाद भी अधूरा पुलः चंद्रकेशर नदी पर निर्माण कार्य कछुए की चाल से, दर्जनों गांवों का संपर्क टूटा






बायपास पर जाम से त्रस्त ग्रामीण, फसल सीजन में किसानों की बढ़ी चिंता-प्रशासन से जल्द समाधान की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/कांटाफोड़

क्षेत्र से एक बड़ी समस्या सामने आई है, जहां काटाफोड़ डोगली मार्ग पर चंद्रकेशर नदी पर बन रहा पुल निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा से काफी पीछे चल रहा है। रियाल कंस्ट्रक्शन कंपनी पाटन (गुजरात) द्वारा किया जा रहा यह कार्य 18 माह में पूर्ण होना था, लेकिन तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुल का निर्माण अधूरा पड़ा है। निर्माण की धीमी रफ्तार के कारण आसपास के कई गांवों का आपसी संपर्क प्रभावित हो गया है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### समय-सीमा पार, काम अभी भी अधूरा

जानकारी के अनुसार संबंधित विभाग ने पुल निर्माण के लिए 18 माह की समय-सीमा निर्धारित की थी, लेकिन तय समय गुजर जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। निर्माण स्थल पर कार्य की गति बेहद धीमी दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार निर्माण कार्य लंबे समय तक बंद भी रहा, जिसके कारण परियोजना में देरी लगातार बढ़ती गई।

### गांवों का संपर्क टूटा, लोगों की बढ़ी परेशानी

पुल अधूरा होने के कारण क्षेत्र के दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों को दूसरे रास्तों से लंबा चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों, मरीजों और रोजाना मजदूरी करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। बारिश के मौसम में समस्या और भी गंभीर रूप ले लेती है।

### बायपास मार्ग पर रोज लग रहा जाम

पुल निर्माण के दौरान बनाए गए अस्थायी बायपास मार्ग की हालत भी ठीक नहीं है। यह मार्ग संकरा और अस्थायी होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती है, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है।

### फसल सीजन में किसानों की बढ़ी चिंता

इन दिनों किसानों की फसल कटाई का समय नजदीक है, लेकिन मार्ग सुगम न होने के कारण हार्वेस्टर, ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे कृषि यंत्र खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय पर फसल की कटाई और परिवहन नहीं हो पाया तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### ग्रामीणों के बीच गूंज रहा सवाल

"किसान फसल काटेगा कैसे और मंडी तक पहुंचाएगा कैसे?" प्रशासन से जवाबदेही तय करने की मांग क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पुल निर्माण कार्य की गति तेज की जाए, ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाए और अस्थायी वैकल्पिक मार्ग को सुचारू बनाया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में क्षेत्र में जनआक्रोश बढ़ सकता है। अब जनता आश्वासन नहीं, बल्कि समस्या का स्थायी समाधान चाहती है।

#### ठेकेदार की चल रही मनमर्जी



ठेकेदार की मनमर्जी से पुल निर्माण का काम किया जा रहा है। कुछ गिने-चुने मजदूरों से ही काम करवाया जाता है। ढाई साल से अधिक समय हो गया, लेकिन पुल अब तक पूरा नहीं हुआ। हमारे खेती के वाहन भी सही से निकल नहीं पा रहे हैं।"
**सोनू तंवर**, स्थानीय किसान (कांटाफोड़)

### कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना

कलेक्टर द्वारा लगातार समय सीमा और निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठकों में प्रगतिरत निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए जा रहे है। 20 जनवरी को हुई समय सीमा बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ को भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे, साथ ही पीएमजीएसवाय के पेंच वर्क कार्य में लापरवाही पर जीएम पीएमजीएसवाय को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए थे। योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करने कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे है।

### 60 मीटर ब्रिज बनाने में लगे तीन साल

एमपीआरआरडीए द्वारा मेसर्स रियाल कंस्ट्रक्शन कंपनी पाटन गुजरात को पीएमजीएसएसवाय अंतर्गत काटाफोड़ डोगली मार्ग पर चंद्रकेशर नदी पर 60 मीटर लम्बे ब्रिज निर्माण हेतु टेंडर 2 करोड़ 66 लाख में दिया गया। रियाल कंस्ट्रक्शन ने पीएसी वैल्यू के 6 प्रतिशत नीचे जाकर एल 1 रहते हुए टेंडर लिया। विभाग के साथ कंपनी ने एग्रीमेंट करने के बाद 21 जनवरी 23 से काम करना शुरू किया। कार्य की सीमा 548 दिवस 18 महिने बताई गई, लेकिन तीन साल बीतने के बाद भी ब्रिज का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो पाया। कंपनी को ब्रिज निर्माण के बाद अगले पांच वर्षों तक मेंटेनेंस का कार्य भी करना है। कॉन्ट्रैक्ट का समय और कार्य पूरा होने के समय में बड़ा अंतराल होने के बाद निर्माण सामग्री की कीमतों में तेजी आना सामान्य बात है। ऐसे में ब्रिज का निर्माण और आने वाले पांच साल ब्रिज का मेंटनेंस कैसे गुणवत्तापूर्ण किया जा सकता है।

#### हम पर पड़ रहा असर



पुल निर्माण की सुस्त रफ्तार का सीधा असर हम किसानों पर पड़ रहा है। फसल कटाई का समय सिर पर है, लेकिन खेतों तक हार्वेस्टर और ट्रैक्टर-ट्रॉली पहुंचाने में भारी दिक्कत हो रही है। बायपास मार्ग पर आए दिन जाम लग जाता है, जिससे घंटों इंतजार करना पड़ता है।
**कमल सिसोदिया**, किसान (जिनवानी)

#### अभी भी जता रहे उम्मीद

अब तो ब्रिज बन गया है। पेड़, इलेक्ट्रिक लाइन हटाने में समस्या आ रही थी। उम्मीद है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगा।
**जीवन गुप्ता,** जीएम एमपीआरआरडीए

### पालीवाल महाजन समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**देवास।** पालीवाल महाजन समाज देवास द्वारा होली मिलन समारोह उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समाज के सभी सदस्य कावा रेस्टोरेंट में एकत्रित हुए और आपसी भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां आशापूर्णा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शुभारंभ समाज अध्यक्ष रूपचंद्र गुप्ता और महिला मंडल की अध्यक्ष सलोनी पालीवाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष रूपचंद्र गुप्ता ने समाज की एकजुटता बनाए रखने और नई पीढ़ी को शिक्षा के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में संरक्षक रमेशचंद्र पालीवाल, शैलेन्द्र पालीवाल, दिलीप पालीवाल, गोपाल पालीवाल, मोहन पालीवाल, भावेश पालीवाल, अभय पालीवाल, महेश पालीवाल आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक




**देवास।** स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने निगम स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम के साथ विभाग प्रमुख एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त द्वारा वार्डो में औचक निरीक्षक किया जा रहा है, जिन वार्डो मे साफ सफाई के कार्यो मे कमी पाई गई तथा त्वरित निराकरण को लेकर बैठक में स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं को दिशा निर्देश दिए।

# गंदे पानी की प्रदर्शनी लगा वर्मा ने बताई समस्या


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड की समस्याओं को अनोखे ढंग से प्रदर्शित करने वाले वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा ने बुधवार को गंदे पानी की समस्या को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया।वर्मा ने वार्ड के अलग-अलग घरों से गंदे पानी के नमूने एकत्र कर उनकी प्रदर्शनी लगाई और नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।पार्षद प्रतिनिधि वर्मा ने बताया कि वार्ड में पिछले लगभग 20 दिनों से नलों में सीवेज मिला हुआ गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। इस दूषित जल वितरण के कारण आनंद ऋषि नगर और एलआईजी कॉलोनी सहित पूरे वार्ड के निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ गया है।वर्मा का कहना है कि गंदे पानी की समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने और जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए ही वार्डवासियों के घरों से पानी के नमूने लेकर यह सार्वजनिक प्रदर्शनी लगाई गई है।पार्षद प्रतिनिधि ने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। फिलहाल, वार्ड के निवासियों में जल की गुणवत्ता को लेकर भारी नाराजगी है और वे निगम की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# आलू फसल के भाव ने तोड़ी किसान की कमर इंदौर मंडी में 80 पैसा प्रति किलो बिका आलू

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




इस वर्ष आलू फसल का भाव किसानों को नहीं मिल पा रहा है। लगातार किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलू फसल में भारी नुकसान किसानों का हुआ है। लागत तो दूर की बात मंडी तक ले जाने का भाड़ा भी नहीं निकल रहा है।

किसानों के यहां अभी भी आलू की फसल रखी हुई है, लेकिन मंडियों में कोई खरीदने को तैयार नहीं है। मंडी में आलू के भाव की बात की जाए तो 80 पैसा प्रति किलो में आलू बिक रहा है। इससे आप अनुमान लगा सकते हैं कि किसान को कितना नुकसान इस फसल में हो रहा है। बुधवार को मिली जानकारी अनुसार इंदौर मंडी में एक किसान का आलू 80 पैसा प्रति किलो के हिसाब से बिका, तो वहीं एक किसान का आलू 2 रूपया प्रति किलो से बिका, जिसमें लागत व मेहनत तो दूर इंदौर तक ले जाने का भाड़ा भी नहीं निकल पाया। किसान अलकेश धनगर ने बताया कि इंदौर मंडी में आलू फसल खरीदने को तैयार नहीं है। महंगा बीज,दवाई लेकर फसल तैयार की, जब बैचने का समय आया तो भाव नहीं मिल रहा है। इस बार किसान की आलू फसल ने कमर तोड़ दी है।

किसान कमलेश धनगर ने दो लाट में कुल 72 कट्टे आलू इंदौर मंडी भेजे थे, जिसके हम्माली,भाडा काटकर मात्र 350 रुपए ही हाथ लगे, जिसमें एक 67 कट्टे का लाट मात्र 80 पैसा व एक दो रूपये किलो बिका है। वहीं दुसरे किसान को 86 कट्टे भेजे थे, जिसके किसान को मात्र 4320 ही हाथ लगे। गलत निर्यात निती के कारण किसानों को फसलों का भाव नहीं मिल रहा है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

# शासन की योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों को मिलेः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, असिस्टेंट जनरल मैनेजर आरबीआई भोपाल रोशनी हजेला, एलडीएम प्रकाश केवलरमानी, उद्योग विभाग, कृषि, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, एनआरएलएम, आरसेटी सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रमुख एवं विभिन्न बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी विभागों को लक्ष्य अनुरूप ऋण आवेदनों को जमा करने तथा बैंकों को आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा, शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के विभिन्न पोर्टलों पर लंबित आवेदनों को शीघ्र निराकृत करने पर जोर दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0(शहरी) में सभी पात्र नागरिकों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0(शहरी) के तहत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम (ISS) आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम आय वाले परिवारों को घर खरीदने या बनाने के लिए बैंक ऋण पर ब्याज की छूट प्रदान करती है। योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर पात्र नागरिकों को योजना का लाभ दें। कलेक्टर ने पीएमएफएमई योजना, पशु एवं मत्स्य केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री पथ विक्रेता योजना, स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्व सहायता समूहों का लिंकेज, मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, सावित्रीबाई फुले स्व सहायता समूह विकास योजना, जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री किसान निधि के लाभान्वित सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं में आवेदनों के अनुमोदन एवं संवितरण की बैंकवार जानकारी ली गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंक प्रबंधकों से अनुमोदन एवं संवितरण में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ऋतुराज ने कहा कि शासन की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर पालिका एवं नगर परिषद में प्राप्त आवेदनों को शीघ्र अनुमोदित किया जाये ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का शीघ्र लाभ मिल सकें।

# बागली एसडीओपी भार्गव को भेजा पीएचक्यू भोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



लंबे समय बाद बागली एसडीओपी को विभागीय कार्रवाई के चलते पीएचक्यू भोपाल भेजा गया है।नवंबर 2025 में साइबर ठगी मामले में तत्कालीन पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी व कमलापुर थाना प्रभारी को आरोपियों को संरक्षण देकर 35 लाख रुपए का लेनदेन करने का मामला सामना आया था, जिसमें पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी एवं कमलापुर थाना प्रभारी को निलंबित किया था। शिकायत के बाद इस पूरे मामले की जांच कि गई थी, जिसमें बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव का भी नाम उक्त मामले में आया था। ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन की जांच रिपोर्ट तैयार होने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भोपाल भेजी गई थी। इसके बाद विभाग द्वारा कार्रवाई की गई और उसी के चलते बागली सृष्टि भार्गव को पीएचक्यू भोपाल भेजा गया है। उनकी जगह नए एसडीओपी के रूप में संजय सिंह बैस को भेजा गया है। भार्गव लंबे समय से बागली एसडीओपी के रूप में बागली में रही है। हालांकि क्षेत्र को इन कि पुलिसिंग का लाभ नहीं मिल पाया है। सुत्रो से मिली जानकारी अनुसार राजनीति हस्तक्षेप के कारण उक्त कार्रवाई में इतना समय भार्गव के खिलाफ कार्रवाई करने में विभाग को लगा है।

**खबर संक्षेप**

## रेलवे ट्रेक किनारे घायल तेंदुआ मिला, मौत

**ललितपुर।** रेलव ट्रैक के किनारे एक तेंदुआ घायल मिला। घायल तेंदुए को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। लोगों को देखकर तेंदुए ने उनकी ओर झपटने की कोशिश की। इधर-उधर भागता रहा। घायल होने की वजह से वह थोड़ी दूर चल के फिर जमीन पर गिर गया। थोड़ी देर बाद तेंदुआ बेहोश हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायल तेंदुए को बेहोशी की हालत में पशु चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए के ट्रेन से टकराने की आशंका जताई है। जखौरा और बिजरौठा स्टेशन के बीच पोल नंबर 1098 के पास रेलवे ट्रैक किनारे बुधवार को करीब 9 बजे एक तेंदुआ घायल हालत में मिला। स्थानीय लोगों ने रेलवे अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इस बीच घायल तेंदुआ लोगों को देखकर घसीटते हुए इधर-उधर भागता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों को अपने आस-पास देखकर तेंदुआ लंगड़ाते हुए दौड़ा। कुछ दूर बाद फिर जमीन पर गिर गया। इसके बाद बेहोश हो गया। स्टेशन अधीक्षक ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। करीब आधे घंटे बाद वन विभाग, जीआरपी, आरपीएफ और थाना जखौरा पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। तेंदुए को रेस्क्यू कर खौरा रेंज ले गए। वहां पशु चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अभियान शुरू

**विदिशा।** जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए 9 से 18 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले के 2385 आंगनबाड़ी केंद्रों में सर्वे और पंजीयन किया जाएगा, ताकि छूटे हुए हितग्राहियों को जोड़ा जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता लोढ़ा ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र महिलाओं का पंजीयन करेंगी। वहीं बैंक खातों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी के लिए शिविर भी लगाए जाएंगे, ताकि सभी पात्र महिलाओं को मातृत्व सहायता राशि का लाभ मिल सके।

## जनसुनवाई में 89 का मौके पर निराकरण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में आवास, भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, बिजली व खाद्य विभाग से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## लाडली बहनों को भेजे जा रहे हैं पोस्टकार्ड

**विदिशा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में एक नवाचार किया गया है। फरवरी 2026 में 575 महिलाओं के खातों में डीबीटी सक्रिय न होने, खाता बंद होने या अन्य तकनीकी कारणों से योजना की राशि नहीं पहुंच पाई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में अब इन महिलाओं को पोस्टकार्ड भेजकर भुगतान असफल होने के कारणों की जानकारी दी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि महिलाओं को बैंक में जाकर खाते की स्थिति सुधारने की सलाह दी जा रही है, ताकि आगामी किश्त की राशि समय पर मिल सके।

## रामरती शर्मा का निधन

**विदिशा।** जिला सहकारी बैंक नटेरन के शाखा प्रबंधक सुशील शर्मा एवं सुनील शर्मा की माताजी रामरती शर्मा का सोमवार की शाम निधन हुआ। मंगलवार को गांधीनगर कॉलोनी स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। रामरती शर्मा वृंदावन प्रसाद शर्मा की पत्नी थीं।

### पुलिस ने कार्रवाई के दौरान स्कॉर्पियो कार व मोबाइल बरामद किया

# बजाज फाइनेंस में 1.71 करोड़ की धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर पुलिस ने बजाज फाइनेंस कंपनी लिमिटेड व आम नागरिकों के साथ करीब 1 करोड़ 71 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से एक स्कॉर्पियो कार, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक कलाई घड़ी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मु.अ.सं. 881/25 में वांछित अभियुक्त बैंक कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार उर्फ कार्तिक (31) पुत्र विनोद कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक झांसी स्थित बजाज फाइनेंस लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर रिस्क संदीप सिंह सोलंकी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि महेंद्र बरार, नवनीत सहित अन्य लोगों ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी को करीब 1,71,01,703 रुपये का नुकसान पहुंचाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने इसकी जांच के लिए



एसआईटी टीम गठित की थी। सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अब तक इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि इसी क्रम में वांछित आरोपी दिनेश कुमार को भी पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बजाज फाइनेंस की ललितपुर शाखा में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर उनके आधार, पैन कार्ड आदि दस्तावेज लिए और फर्जी बिक्री व अन्य कागजात तैयार कर लोन स्वीकृत कराकर बड़ी रकम हड़प ली। गिरोह में कंपनी के कुछ अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार गिरोह ने वर्ष 2024 और 2025 में फर्जी ऋण आवेदन और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपी ने इस पैसे से स्कॉर्पियो कार खरीदी और ऐशो-आराम पर खर्च किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी सतेन्द्र सिंह व महिला कांस्टेबल नीलम शामिल रहीं। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा की समीक्षा की

# ईद व चैत्र नवरात्र त्योहारों को शांतिपूर्ण कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने बुधवार को गूगल मीट के माध्यम से जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, शाखा व चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक सीधी भर्ती-2025 की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को आयोजित होगी, जिसमें दो-दो पालियों में कुल चार पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए जिले में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

एसपी ने निर्देश दिए कि भर्ती बोर्ड और उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए परीक्षा को पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराया जाए। बैठक में बताया गया कि परीक्षा के दौरान जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारियों तथा सचल दलों की ड्यूटी लगाई गई है। साइबर सेल और पुलिस टीमें लगातार भ्रमण कर फोटोकॉपी व अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगी। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि जाम जैसी समस्या न हो। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर पुलिस सहायता केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही चेतक मोबाइल, सेकेंड मोबाइल और बस मोबाइल को अतिरिक्त ड्यूटी पर लगाया गया है, जो जरूरत पडऩे पर परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में मदद करेंगे। बैठक में आगामी ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक कर आयोजकों से संवाद करने तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। एसपी ने ई-रिक्शा चालकों के सत्यापन, आईजीआरएस शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, लंबित विवेचनाओं के निपटारे, सोशल मीडिया निगरानी और हाईवे पर गलत तरीके से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

### लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा

# सड़क निर्माण की निविदाओं में 20 करोड़ की क्षति का आरोप जड़ा, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार ने उत्तर प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जिले में सड़क निर्माण की निविदाओं में भारी भ्रष्टाचार और लगभग 20 करोड़ रुपये के राजस्व की क्षति होने का गंभीर आरोप लगाया है।



मेघनाथ खंगार द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार, ललितपुर-जखौरा मार्ग और बांसी-बार मार्ग के लिए वर्ष 2025 में निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि ललितपुर-जखौरा मार्ग की निविदा 29.10.2025 और बांसी-बार मार्ग की निविदा 18.09.2025 को बुलाई गई थी। इन कार्यों के लिए तकनीकी बिड 15.12.2025 को और वित्तीय बिड 25.02.2025 (संभवतः 2026 या लिपिकीय त्रुटि) को खोली गई। ललितपुर-जखौरा मार्ग में 8 और बांसी-बार मार्ग में 13 ठेकेदारों ने हिस्सा लिया था, लेकिन विभागीय कमेटी द्वारा मात्र दो ठेकेदारों को ही अर्ह पाया गया। सपा नेता का आरोप है कि अन्य ठेकेदारों ने विभागीय दरों से 25 से 33 प्रतिशत कम पर निविदाएं डाली थीं, लेकिन उन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके विपरीत, मेसर्स राज कन्स्ट्रक्शन को मात्र 1 प्रतिशत से भी कम की छूट पर अनुबंध देने की तैयारी की जा रही है। पत्र में दावा किया गया है कि यदि निविदा प्रक्रिया पूरी ईमानदारी से होती, तो 70 करोड़ के कार्यों में सरकार को लगभग 20 करोड़ रुपये के राजस्व की बचत होती। मेघनाथ खंगार ने पत्र में अधिकारियों के संरक्षण की बात करते हुए कहा है कि एक मंडल में जो ठेकेदार वित्तीय बिड में अर्ह हो जाता है, वही दूसरे बगल के मंडल में अनर्ह हो जाता है, जो जाँच का विषय है। उन्होंने उदाहरण देते हुए एसआरएस इंटरप्राइजेज प्राईवेट लिमिटेड और मेसर्स सुरेश चन्द्र गुप्ता के सफल निविदाओं का भी जिक्र किया। उक्त दोनों मार्गों की निविदा प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच कराई जाए। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। वास्तविक अर्ह निविदाओं को पुनः खोलकर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए।


### अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य का स्वागत किया

# संविदा व आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के लिए मांग का ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका सभागार में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य के ललितपुर आगमन पर स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने प्रदेश के विभिन्न निकायों में तैनात संविदा एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित/स्थायी किए जाने की मांग उठाते हुई प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन आयोग सदस्य को दिया। कार्यक्रम में मंजीत करोसिया ने कहा कि संविदा व





आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की लगभग 100 समस्याओं का एक ही समाधान है और वह है उन्हें नियमित किया जाना। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कार्य कर रहे कर्मचारियों को स्थायी दर्जा मिलना चाहिए, जिससे उनके भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सभासद आलोक मयूर, अधिशासी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, सफाई निरीक्षक जितेंद्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र यादव (दाऊ), वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल सोनी, चंद्र विनोद मिश्रा, अभिषेक चौबे, दीपेंद्र कुमार, सुधीर रावत सहित अन्य बाबूगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी संजय करोसिया (संजू कप्तान), स्वास्थ्य नायक बृजेश बाल्मीकि, अखिलेश करौसिया, छोटे लाल, जितेंद्र करौसिया सहित अन्य स्वास्थ्य नायक व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संविदा व आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग उठाई है।

# पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने तालबेहट के ऐतिहासिक दुर्ग का भ्रमण किया, बांध सुरक्षा व जल संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

माताटीला में आयोजित बांध सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आए पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने बुधवार को तालबेहट के ऐतिहासिक किले एवं प्राचीन तालाब का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए जल स्रोतों का संरक्षण अनिवार्य है।

दुर्ग भ्रमण के पश्चात उन्होंने नगर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था हरित पंख के कार्यालय पहुंचे। यहां संस्था की अध्यक्ष ने उनका आत्मीय स्वागत किया। संस्था द्वारा पर्यावरण और पक्षी संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पद्मश्री पांडे ने खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष ने उन्हें स्मृति स्वरूप गौरैया घर भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, पर्यावरण और लुप्त होती



गौरैया को बचाने के संकल्प पर चर्चा की गई। इस दौरान संस्था के अन्य सदस्य एवं रवि सिंह, मयंक सिंह, विक्रांत गौर, प्रवीण साहू आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# जब हृदय में सच्ची आस्था व श्रद्धा जागृत होती है निर्मल मन में ही प्रभु का वास होता : स्वामी बालभरत महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर आयोजित कथा में व्यासपीठ से प्रवचन करते हुए स्वामी बालभरत महाराज ने कहा कि प्रभु का वास केवल निर्मल और पवित्र मन में ही होता है। जब हृदय में सच्ची आस्था और श्रद्धा जागृत होती है, तभी भगवान की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भगवान पदार्थों के नहीं बल्कि भाव के भूखे होते हैं।

स्वामी बालभरत ने कहा कि निर्मल हृदय की भक्ति ही भगवान श्रीकृष्ण को विदुर के घर साग खाने के लिए विवश कर देती है। इसी प्रकार राम अवतार में प्रभु श्रीराम प्रेमवश होकर शबरी के जूठे बेर स्वीकार करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपना निर्मल मन भगवान को अर्पित करें। सत्य, अहिंसा, दया और परोपकार जैसे गुणों को अपने जीवन और आचरण में स्थान देना ही



सच्ची भक्ति है। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि जब महाराज परीक्षित श्राप से ग्रसित हुए तो उन्होंने गंगा तट पर ऋषियों के साथ श्रीशुकदेव महाराज से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। उसी कथा श्रवण से उन्हें मुक्ति प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा अमृतमयी है और उसका श्रवण मानव जीवन को पवित्र बनाता है। कथा के दौरान सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए स्वामी ने मनु और शतरूपा के प्रसंग की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने बताया कि तृतीय स्कंध में सांख्य योग का विस्तृत वर्णन मिलता है और ऋषियों की संतति ही सनातन संस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां सती माता के अंग गिरे, वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। स्वामी जी ने सुनीति और सुरुचि की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि सुनीति सदाचार और अनुशासन का प्रतीक है, जबकि सुरुचि स्वेच्छाचारिता को बढ़ावा देती है। आज समाज में बढ़ती स्वेच्छाचारिता हमारे संस्कारों को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि सुनीति के पुत्र ध्रुव ने अपनी अटूट भक्ति से परमात्मा का साक्षात्कार किया और अमरता को प्राप्त किया। इस अवसर पर महंत रामबालक दास जी महाराज, महंत सूर्यप्रकाश दास जी महाराज, महंत विष्णुदास महाराज, कल्याण सिंह यादव, अजय जैन, धर्मेंद्र रावत, सोनू चौबे, वॉवी राजा, रमेश सोनी, भगवत नारायण बाजपेयी, जगभान राजपूत, दीपक राठौर सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होंगे

# मां कर्मा देवी का 1010वां मनेगा जन्मोत्सव, शोभायात्रा 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

साहू समाज द्वारा समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी का 1010वां जन्मोत्सव चैत्र कृष्ण एकादशी के पावन अवसर पर बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों और एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

रविवार, 15 मार्च 2026 को सुबह 8.30 बजे से विशाल शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा। यह यात्रा श्री गोपेश्वर मन्दिर (कर्माबाई नगर, सागर रोड) से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख स्थलों में श्री रामराजा मन्दिर, सावरकर चौक, घंटाघर, तुवन चौराहा, वर्णी चौराहा से होते हुए क्षेत्रपाल मन्दिर पुराना सूचना केन्द्र से श्री राधाकृष्ण मन्दिर, नईबस्ती पर पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजन समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 मार्च शनिवार को सायं 7 बजे से श्री राधाकृष्ण मन्दिर, नईबस्ती में श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा। 15 मार्च (रविवार) सुबह शोभा यात्रा के पश्चात दोपहर 12 बजे से श्रीराधाकृष्ण मन्दिर, नईबस्ती में ध्वजारोहण, माल्यार्पण, हवनोत्सव और विशाल प्रसाद भण्डारा आयोजित किया जाएगा। साहू समाज समिति ललितपुर ने सभी स्वजातीय बंधुओं, माताओं और बहनों से निवेदन किया है कि इस अवसर पर अपने प्रतिष्ठान और कारोबार बंद रखकर सपरिवार कार्यक्रमों में सम्मिलित हों। शोभायात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं को नारियल और कलश गोपेश्वर मन्दिर से प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

### नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स के लिए प्रत्येक छात्र को मिलेंगे 10 हजार

# ओलम्पस के 3 छात्रों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

**सागर रोड स्थित ओलम्पस हाई स्कूल के तीन विद्यार्थियों का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना में नवाचार के लिए चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए प्रति छात्र 10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इंस्पायर योजना के तहत अवार्ड के लिए ओलम्पस स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

इस योजना के अंतर्गत इंस्पायर अवार्ड मानक (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज) कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा 6 से 10 तक के 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को विज्ञान और नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित किया जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया (एनआईएफ) द्वारा किया जा रहा है।

इस योजना का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवीन सोच को बढ़ावा देना है, ताकि विज्ञान और समाज के लिए उपयोगी नए विचार सामने आ सकें। इसी उद्देश्य के तहत ओलम्पस हाई स्कूल के तीन विद्यार्थियों के नवाचारों का चयन किया गया है। कक्षा 7 के छात्र अभी रघुवंशी ने इनोवेटिव सेफ स्कूल डेस्क, कक्षा 6 के छात्र अनंजय सिंह ने इनोवेटिव ग्रेन विनोइंग मशीन तथा कक्षा 10 की छात्रा वरुधि नेमा ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए इनोवेटिव बास्केट ट्रॉली जैसे प्रोजेक्ट तैयार किए हैं।

इन प्रोजेक्ट्स को विकसित करने के लिए प्रत्येक छात्र को 10 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। चयनित विद्यार्थी अपने नवाचारों को आगामी जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेंगे। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी एवं डायरेकटर प्राची रघुवंशी ने कहा कि ऐसे नवाचार विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चयनित विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी।



अनंजय सिंह



अभि रघुवंशी



वरुधि नेमा

**स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी और अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।**

# रफ्तार के सामने हारी जिंदगियां तीन हादसों में 4 की मौत, 6 घायल

*ब्यावरा, कुरावर और खुजनेर के संबंधित परिवारों के घर पसरा मातम, बोलेरो और बस की तेज गति से हुए हादसे*
*ब्यावरा निवासी कपड़ा व्यापारी, बाइक सवार देवर-भाभी एवं दामाद की जान बचाने में ससुर की हुई मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



ब्यावरा-राजगढ़ रोड पर मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार देवर-भाभी की मौत हो गई। दोनों अपने मकान को अतिक्रमण कार्रवाई से बचाने के लिए जनसुनवाई में कलेक्टर से गुहार लगाने राजगढ़ जा रहे थे। रास्ते में बामलाबे जोड़ के पास तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही देहात पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश पिता बापूलाल वर्मा (60) और उनकी भाभी भगवती बाई पत्नी नन्नूलाल वर्मा (62) निवासी झाड़ला, थाना कुरावर मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे बाइक क्रमांक एमपी-39 एमएन-2251 से राजगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान राजगढ़ रोड स्थित बामलाबे जोड़ के पास सामने से आ रही रायल ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी-04 पीए-4140 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और मौके पर कैलाश ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस ने डायल-112 की मदद से दोनों को ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। देहात थाने के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ के अनुसार बामलाबे जोड़ के पास बस और बाइक की टक्कर में देवर-भाभी की मौत हुई है, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अतिक्रमण से मकान बचाने जा रहे थे राजगढ़

मृतकों के परिजनों ने बताया कि 27 फरवरी को टप्पा कुरावर के नायब तहसीलदार द्वारा झाड़ला गांव में शासकीय भूमि पर बने मकानों को लेकर अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था। अहिरवार समाज के कई परिवार पिछले करीब 30 वर्षों से उसी जगह मकान बनाकर रह रहे हैं। नोटिस मिलने के बाद लोगों में घर टूटने का डर बना हुआ था। इसी मामले को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर से राहत की मांग करने के लिए गांव से चार लोग दो बाइकों पर राजगढ़ जा रहे थे।



लेकिन रास्ते में बामलाबे जोड़ के पास हादसा हो गया और देवर-भाभी की जान चली गई।

## साली की शादी में शामिल होने जा रहे थे गंजबासोदा

**ब्यावरा।** मंगलवार को अशोकनगर नईसराय-शाढ़ौरा रोड पर बरखेड़ा गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में ब्यावरा शहर के कपड़ा व्यापारी युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलने के बाद शहर में शोक छा गया। जानकारी के अनुसार शहर के पीपल चौराहे के समीप श्याम गारमेंट के संचालक वैभव जैन अपनी साली की शादी में पत्नी के साथ शामिल होने के लिए कोलारस गए हुए थे। वैभव की साली की शादी का कार्यक्रम विदिशा जिले के गंजबासोदा में रखा गया था, उसी को लेकर मंगलवार को कोलारस से जैन परिवार चार गाड़ियों में सवार होकर विदिशा जिले के गंजबासौदा जा रहे थे। अर्टिका गाड़ी में वैभव जैन पिता बाबूलाल (36) उनकी पत्नी पूजा जैन (34), दुल्हन साक्षी जैन(26), दुल्हन की मां शीला बाई(55), प्रेम बाई(80 ), खुशबू जैन(30), डेढ़ साल की एक बच्ची और 28 वर्षीय कार चालक सौरभ खटीक सवार थे। इसी बीच अशोकनगर के नईसराय-शाढ़ौरा रोड पर बरखेड़ा गांव के पास उनकी कार को सामने से आ रही तेज रफ्तार से आ रही बुलेरो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि दोनो कारों के परखच्चें उड़ गए। हादसे में वैभव जैन की मौत हो गयी, जबकि कार में सवार 6 अन्य लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल अशोकनगर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने दुल्हन साक्षी सहित दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में ही जारी होना बताया गया है।

## शराबी चालक ने मारी रॉड, मौत

खुजनेर के सिरंगी गांव के रहने वाले भगवान सिंह अपने दामाद को इलाज कराने के लिए झालाबाड़ जा रहे थे। जैसा की बताया जा रहा है कि मनोहर को सांस की बीमारी थी तो सिटी पोर्शन रोड पर जाम में फंस जाने के कारण और दामाद को समय पर अस्पताल पहुंचाने के कारण जाम में खड़ी पिकअप को हटाने के लिए कहा तभी नशे में धुत पिकअप चालक ने भगवान सिंह के सर पर लोहे की रॉड मार दी जिसके चलते उनकी मौत हो गई।

### जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार

# 45 साल से रह रही आदिवासी महिला को मकान खाली करने का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

जहां शासन-प्रशासन एक ओर शासकीय भूमि पर निवास कर रहे गरीब परिवारों को पट्टा देकर उनके पुनर्वास और उन्मूलन का कार्य कर रहा है। वहीं एक गरीब आदिवासी परिवार को वर्षों से निवासरत मकान से बेदखल करने की कार्रवाई समझ से परे है। मामला नगर के वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर नगर निवासी एक गरीब आदिवासी महिला शांति बाई का है जिन्होंने शासकीय पीडब्ल्यूडी मकान खाली कराने के नोटिस से परेशान होकर जनसुनवाई में कलेक्टर से राहत की गुहार लगाई है।

## 45 सालों से रह रहीं है शासकीय मकान में

शांति बाई पति धूलसिंह भिलाला ने आवेदन में बताया कि वह पिछले करीब 45 वर्षों से कुरावर स्थित पीडब्ल्यूडी के शासकीय मकान में निवास कर रही है। उनके अनुसार पति पहले शासकीय विभाग में सेवक के रूप में कार्यरत थे और इसी मकान में रह रहे हैं। वर्तमान में दोनों वृद्ध हो चुके हैं और अक्सर बीमार रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और वह मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह भरण-पोषण कर रही हैं। उनके पास रहने के लिए कोई निजी मकान या जमीन भी उपलब्ध नहीं है। शांति बाई ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों से एक शिकायतकर्ता द्वारा बेवजह शिकायत पत्र के माध्यम से शिकायत कर परेशान किया जा रहा है, साथ ही उसके कहने पर नगर परिषद एवं राजस्व विभाग में पदस्थ कुछ अधिकारी उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं और मकान खाली कराने का दबाव बना रहे हैं। हाल ही में नगर परिषद द्वारा मकान को जर्जर बताते हुए उसे खाली करने का नोटिस भी दिया गया है जिससे पीड़िता परेशान है। जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में शांति बाई ने कलेक्टर से उनकी गरीबी, बीमारी, वृद्धावस्था और आदिवासी महिला होने की स्थिति को देखते हुए मानवीय आधार पर राहत प्रदान करने, मकान खाली करने के आदेश को निरस्त करने तथा यथावत रहने देने की मांग की है।

## इनका कहना है...

लोक निर्माण विभाग नरसिंहगढ़ के मुख्य अधिकारी से जब इस संबंध में बात कि गई तो उन्होंने बताया की अभी हमें पूरी जानकारी नहीं है वो मकान है या क्वार्टर है। अगर महिला वृद्धावस्था में है बेसहारा तो जबतक रहना चाहे रह सकती है।

एके श्रीवास्तव, एसडीओ नरसिंहगढ़

# रिनिया गांव में कई बीघा कलौंजी की फसल सूखी किसानों ने मांगा मुआवजा

**विदिशा।** नटेरन तहसील के ग्राम रिनिया में किसानों की कलौंजी की फसल अचानक सूख जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फसल खराब होने से किसानों में चिंता का माहौल है और उन्होंने प्रशासन से जल्द मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम रिनिया के किसान सुंदर कुशवाह, रघुवीर सिंह, नारायण सिंह, रामबाबू कुशवाह ने लगभग 3-3 बीघा में कलौंजी की फसल लगाई थी। किसानों का कहना है एक बीघा में तीन क्विंटल तक उत्पादन होने की उम्मीद थी और इस बार भाव भी 20 से 25 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिलने की उम्मीद है। फसल अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अचानक पौधे सूखने लगे।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों का ज्ञापन 13 को

**राजगढ़।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा विगत दिनों जारी एक आदेश से जिले के शिक्षकों में खासा आक्रोश व्याप्त है। शासकीय शिक्षक संगठन जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणावत ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक संदर्भ की आड़ में शिक्षकों को परेशान करने टीईटी परीक्षा का फरमान लोक शिक्षण ने जारी किया है। विधि सम्मत प्रक्रिया का ध्यान रखे बगैर उक्त आदेश जारी किया गया है। राणावत ने बताया कि उक्त आदेश के अनुसार 27 सालों की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को भी यदि आगे नौकरी करना है तो उन्हें टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण करना होगा। लोक शिक्षण के इस आदेश के विरोध में राजगढ़ सहित समूचे मप्र के सभी जिलों में 13 मार्च को संगठन के बैनर तले मुख्यमंत्री सहित सर्वसंबंधितों के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघटन पदाधिकारियों ने आधिकाधिक शिक्षकों से इस अवसर पर उपस्थित रहने का आगृह किया है।

# सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक रीति रिवाजों को चुनौती देकर महत्वपूर्ण कार्य किया : पुष्पद

### माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



महात्मा फुले समता परिषद एवं फूल माली समाज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को महात्मा फुले चौराहे पर माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने फूल माली महापंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर अपनी शिक्षा पूरी की तथा पुणे में लड़कियों के लिए विद्यालय खोलकर भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण कार्य किया उनकी इस अभूतपूर्व पहल ने उस समय के दीर्घकालिक सामाजिक रीति रिवाजों को चुनौती दी जो लड़कियों और निचली जातियों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करते थे ऐसे लोगो ने सावित्रीबाई फुले को बहुत अपमानित किया लेकिन अपमान सहन करते हुए उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए कई स्कूल खोलें 1873 में उन्होंने ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर सत्यशोधक समाज की स्थापना कर जाति आधारित भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। महाराष्ट्र में फ्लैग की बीमारी फैलने से कई लोग प्रभावित हुए जिनकी सेवा करते हुए सावित्रीबाई फुले को भी फ्लेग हो गया जिससे 10 मार्च 1897 को उनकी मृत्यु हो गई।

मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहा कि मैं तो सावित्रीबाई फुले ने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों को निर्वासित महिलाओं के लिए 1863 में एक देखभाल केंद्र बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह का समर्थन कर विधवाओं के सिर कुंडवाने के कृति का विरोध किया। इस दौरान महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष केलाश वर्मा, रामचंद्र पुष्पद (चंदू) पार्षद प्रतिनिधि सुनील बागवान फूल माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद कमल राठौर माखन पुष्पद राजेश पुष्पद पवन पुष्पद मऊ देवकरण पुष्पद (बब्बल) सहित कई लोग उपस्थित थे।

# समिति प्रबंधकों ने मांगों को लेकर बैंक शाखा प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** सहकारी समिति प्रबंधकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक आरके पांडे को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में आयुक्त सहकारिता एवं मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक के आदेश अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजगढ़ में 60 प्रतिशत समिति प्रबंधक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होनी थी, परंतु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजगढ़ द्वारा आज तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नहीं की न ही विक्रेताओं का 3 हजार की राशि प्रतिमाह दी जानी थी जो आज तक भुगतान नहीं की गई। एक अक्टूबर 2023 से भुगतान किया जाना था जो आज दिनांक तक नहीं किया गया। सहायक प्रबंधक के 10 प्रतिशत के पदोन्नाति की सूची तत्काल जारी की जाये।समिति कर्मचारी को 3 लाख अनुदान राशि के रूप में वेतन का भुगतान कराया जाए। विकेताओं की 3 हजार के हिसाब से 16 माह का भुगतान करवाया जाए। समिति प्रबंधक कुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि अगर हमारी तीन सूत्रीय मांगो का निराकरण नही किया गया तो समिति के कर्ममारीयो को विवश होकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाना पड़ेगा जिससे जिले की समस्त समिति बंद रहेगी। पीडीएस दुकान खरीदी केंद्र वसूली किसान पंजीयन जैसी महत्वपूर्ण योजना ई पेक्स कार्य आदि प्रभावित होंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी अगर मांगे नहीं मानी गई तो समस्त समिति प्रबंधक मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान कैलाश राजपूत धनोरा राम प्रसाद पाटीदार पाडल्या माताजी मोहन नागर भाटखेड़ी बद्रीलाल पाल दुग्या कुमेर सिंह सोलंकी गोपालपुरा गजराज सिंह बलोडी कालूराम गोस्वामी हराना सहित अन्य समिति प्रबंधक मौजूद थे।

### सीएसआर फंड से दो नई मशीनें मिली

# किडनी मरीजों को सुविधाः जिला अस्पताल में 6 से बढ़कर 8 हुई डायलिसिस मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के संयुक्त प्रयासों से जिला अस्पताल को 2 नई डायलिसिस मशीनें मिली हैं। सीएसआर फंड से प्राप्त इन मशीनों को इन्स्टॉल करवा दिया गया है। इन दो मशीनों को जोड़कर अब जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो चुकी है।

किडनी से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को काफी हद तक सहुलियत हो जाएगी। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पहले से छह डायलिसिस मशीनों का संचालन हो रहा था लेकिन किडनी मरीजों की बढती संख्या के चलते 6 मशीनें नाकाफी हो रही थीं। ऐसे में कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड रहा था वहीं उन्हें आर्थिक रूप से भी परेशानियां उठानी पड़ रही थीं, लेकिन अब दो और मशीनों की सौगात मिलने पर मरीजों को इसका खासा लाभ मिलेगा।

## लगातार बढ़ रही है किडनी मरीजों की संख्या

जिले में किडनी के मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है। ऐसे में डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि कई ऐसे मरीज है जिन्हें सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस कराना पडता है। ऐसे में उनका इलाज और भी सुगम हो जाएगा। मरीजों के परिजनों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में सुविधाओं के बढ़ने से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी।

### शहर के बड़े नालों से हटाया कचरा

# सीएमओ के निर्देश पर चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर में लंबे समय से नालों के चोक होने और ट्रेंचिंग ग्राउंड से हाइवे तक कचरा फैलने की समस्या से परेशान लोगों को मंगलवार को राहत मिली।

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे के निर्देश पर नगर पालिका अमले ने विशेष सफाई अभियान चलाकर एक ही दिन में शहर के कई प्रमुख नालों की सफाई कर दी। साथ ही ट्रेंचिंग ग्राउंड से हाइवे तक फैले कचरे को भी हटाकर पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित किया गया। नगर पालिका की टीम ने सबसे पहले शहर के प्रमुख नालों पर फोकस किया। दशहरा मैदान नाला, मोती मस्जिद नाला, हाट मंडई नाला और वजीर हुसैन मोहल्ले के नालों में लंबे समय से जमा गाद और कचरे को जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से बाहर निकाला गया। नालों के चोक होने से पानी की निकासी बाधित हो रही थी और आसपास के क्षेत्रों में गंदगी व बदबू की समस्या बनी हुई थी।इसके बाद सीएमओ दीपक रानवे ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे, जहां तेज हवाओं के कारण कचरा उड़कर हाइवे तक फैल गया था।

नगर पालिका ने दो जेसीबी मशीनों और वाहनों की मदद से पूरे क्षेत्र की सफाई करवाई और कचरे को व्यवस्थित तरीके से ट्रेंचिंग ग्राउंड में डलवाया। सीएमओ रानवे ने बताया कि शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। बड़े नालों की पुलियाओं की सफाई से अब शहर की निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और अंदरूनी हिस्सों में गंदगी की समस्या कम होने की उम्मीद है। नगर पालिका आगे भी ऐसे अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम करती रहेगी।

### 112वें सालाना उर्स की शुरुआत, कलेक्टर-एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

# उर्सः झूलों की रेस्ट लिस्ट लगाएं, न हो बालश्रम

## बाल कल्याण समिति ने भी उर्स कमेटी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गुसल शरीफ की रस्म के साथ स्थानीय बाबा बदख्सानी की दरगाह पर मंगलवार से 112वें सालाना उर्स की विधिवत शुरूआत हो गई। उर्स में आने वाले हजारों जायरीनों, नागरिकों की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्ष अमित तोलानी, एसडीएम निधि भारद्वाज ने मंगलवार को उर्स क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारीगणों ने उर्स कमेटी को कई आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कमेटी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक झूलों व मनोरंजन के साधनों पर अनिवार्यतः रेट लिस्ट लगवाई जाए कि किसका किराया कितना रहेगा। इसके साथ ही उर्स में पार्किंग सहित तमाम अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारीगणों ने कमेटी को तल्ख निर्देश दिए हैं। उधर, बाल कल्याण समिति ने भी बालकों के सर्वोत्तम हित को देखते हुए किशोर न्याय अधिनियम के तहत उर्स मेले और दरगाह परिसर में बालश्रम प्रकरण और बाल भिक्षावृत्ति रोकने हेतु वक्फ बोर्ड भोपाल द्वारा तय उर्स प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष को पत्र जारी किया है।



## 25 मार्च तक चलेगा उर्स

दरगाह कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि कल 10 मार्च से शुरू हुआ सालाना उर्स 25 मार्च तक चलेगा। आज बुधवार को रोजा अफ्तार, लंगर, मोला अली फातेहा होगा। इसके साथ ही आगामी दिनों में लंगर सहरी, लंगर, चादर शरीफ, मेहफिल-ए-समा, रंग की महफिल, कुल फातिहा, लंगर सहरी, मिलाद शरीफ, मेहफिल-ए-समां, गुस्ल शरीफ, इख्तेतामी फातिहा उपरान्त 25 मार्च को उर्स का समापन होगा।

## प्रवेश, निकास द्वारों पर लगाएं सीसीटीवी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मेले के प्रवेश और निकास द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए ताकि आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सके। साथ ही निर्देशित किया कि मेले में लगाए जाने वाले विभिन्न स्टॉलों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए। साथ ही झूलों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए गए।

## बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि समिति ने उर्स कमेटी को निर्देशित किया है कि मेले में बाल श्रम रोकने हेतु माइक पर जागरुकता संदेश और लगातार निरीक्षण किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक दुकान और जोखिम वाले मनोरंजन के झूलो पर 'हमारे यहां बालश्रम नहीं कराया जाता' वाले स्टीकर अनिवार्यरूप से लगाए जाए। साथ पूरे दरगाह परिसर बालकों के हित को देखते हुए बाल भिक्षावृत्ति को सद्भावनापूर्वक रोका। यदि जिला प्रशासन, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन सहित संबंधित टास्क फोर्स को बालश्रम और बाल भिक्षावृत्ति के प्रकरण संज्ञान में आए तो उर्स प्रबंधन समिति पर भी कानून संवत कार्यवाही होगी।